29 APRIL- CORIYA -BHOOMI-PG-1_Layout 1 4/29/2025 9:11 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 33 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


3 सरहरी-करजंवार जंगल में 24 घंटे से धधक रही भीषण आग



## खबर संक्षेप

### प्री पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा 1 मई को

**बैकुण्ठपुर।** छग व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्री पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा का आयोजन आगामी 1 मई को पूर्वा 9 से 12:15 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा के सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित संचालन के लिए प्रशासन ने जरूरी व्यवस्थाओं के लिए उद्यान विभाग के सहायक संचालक विनय कुमार त्रिपाठी को सहायक नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारियों में परीक्षा की गोपनीय सामग्री लाने, स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने, वितरण करने, मूल्यांकन प्रक्रिया को संचालित करने एवं अन्य सुसंगत कार्य शामिल होंगे। जिला प्रशासन द्वारा यह नियुक्ति सुनिश्चित की गई है ताकि परीक्षा पारदर्शिता, सुरक्षा एवं समयबद्धता के साथ संपन्न हो सके। परीक्षा केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं तय मानकों के अनुरूप की जाएंगी।

### आतंकी हमले पर कड़ी कार्रवाई की मांग



**बैकुण्ठपुर।** शहर के डबरीपारा निवासी भाजपा नेता सुवेज अहमद नेपालु ने जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुई घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से राष्टीय सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ता है और इसका तुरंत समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने मोदी सरकार से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाए, ताकि ऐसी घटनाएं भविष्य में न हों। भाजपा नेता श्री नेपालू ने कहा कि यह घटना न केवल जम्मू और कश्मीर बल्कि पूरे देश की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा है। सरकार को सख्त कदम उठाकर इन हमलावरों को कड़ी सजा देनी चाहिए। जनता को विश्वास है कि मोदी सरकार इस तरह की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने राज्य और केन्द्र सरकार से विशेष सुरक्षा बलों की तैनाती और आतंकवादियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की भी मांग की।

### पशुओं से परिवहन कराने पर 30 जून तक प्रतिबंध

**बैकुण्ठपुर।** गर्मी के प्रकोप को देखते हुए जिले में पशुओं से भारवाही या सवारी परिवहन जैसे कार्यों पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। यह निर्णय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा पशु क्रूरता निवारण समिति की अनुशंसा पर लिया गया है। 30 जून तक दोपहर 12 से 3 बजे के बीच तापमान 37 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक पहुंचने पर टांगा, बैलगाड़ी, भैंसागाड़ी, खच्चर, टट्टू गाड़ी एवं गधे जैसे पशुओं का उपयोग परिवहन या भारवाही के लिए किए जाने से जानवरों को गंभीर बीमारियां हो सकती हैं, यहां तक कि उनकी अकस्मात मृत्यु भी हो सकती है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 एवं नियम 6 (3) पशु परिवहन व कृषि पशु क्रूरता निवारण नियम 1965 के अंतर्गत 30 जून तक प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जिले की सीमा के भीतर कोई भी व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता पाया गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### लेखापाल के पदों पर आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** जिला निर्वाचन कार्यालय में सहायक अधीक्षक स्थानीय निर्वाचन, लेखापाल सह-उच्च श्रेणी लिपिक के पदों पर पदस्थापना के संबंध में लेख है कि जिला निर्वाचन कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन में सहायक अधीक्षक स्थानीय निर्वाचन, लेखापाल सह-उच्च श्रेणी लिपिक का पद जिले में पदस्थ लिपिकों से पदपूर्ति किया जाना है। उक्त पदों के लिए इच्छुक ऐसे लिपिक जो पात्रता की शर्तों को पूर्ण करते हों, ऐसे लिपिकों को जिला निर्वाचन कार्यालय में आवेदन 12 मई तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

**जिले के चौक-चौराहों और गांव-गांव रात्रि में दे रहे अहम जानकारियां** अभियान का उद्देश्य- सड़क दुर्घटनाओं में आए कमी, प्रत्येक व्यक्ति को सड़क सुरक्षा का बनाना है दूत

# कोरिया पुलिसः नए अंदाज में यातायात नियमों की लगा रही पाठशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

इन दिनों जिले में नए अंदाज में कोरिया पुलिस यातायात जागरूकता अभियान संचालित कर रही है। पुलिस जवान रात्रि में भी शहर समेत ग्रामीण इलाकों में यातायात नियमों की जानकारी साझा कर लोगों को जागरुक करने का काम कर रहे हैं। जिलेभर में चल रहे इस अभियान में स्कूली बच्चों, युवाओं, वाहन चालकों और ग्रामीण नागरिकों की भागीदारी बढ़ रही है।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं हर व्यक्ति खुद सड़क सुरक्षा का दूत बने, इस उद्देश्य से कोरिया पुलिस द्वारा संपूर्ण जिले में यातायात जागरूकता अभियान को एक मिशन के रूप में चलाया जा रहा है। जिले में पदस्थापना के बाद कोरिया एसपी रवि कुमार कुर्रे के नेतृत्व में जिले में नवाचारों के साथ यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को सीधे संवाद केजरिए यातायात के नियमों की जानकारी दी जा रही है। हाल ही में शहर के कुमार चौक में तखती लेकर पुलिस के जवानों में यातायात नियमों की सीख शहर वासियों को दी। वहीं यातायात के प्रभारी बीरबल राजवाड़े, ट्रैफिक मैन नायक डॉ. महेश मिश्रा द्वारा देर रात्रि तक ग्राम सरईगहना और केनापारा में आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में ग्रामीणों को बताया गया कि मालवाहक वाहनों जैसे ट्रैक्टर, पिकअप में सवारी करना न केवल अवैध है, बल्कि जानलेवा भी हो सकता है। कार्यक्रमों में विशेष रूप से यह समझाइश दी गई कि दुर्घटना होने की स्थिति में गोल्डन ऑवर में घायल को अस्पताल पहुंचाना उसकी जान बचाने में निर्णायक साबित हो सकता है। यानि यदि किसी सड़क दुर्घटना में कोई व्यक्ति घायल होता है, तो उसे बिना देर किए तत्काल नजदीकी चिकित्सालय पहुंचाना चाहिए।



शहर में तखती लेकर लोगों को जागरूक करते जवान।


रात्रि में गांव में यातायात नियमों की जानकारी देते कर्मी।

### नए-नए प्रयोगों से जन-जागरुकता

जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर यातायात जागरूकता अभियान संचालित है। कोरिया जिले में नित नए प्रयोगों के माध्यम से जन-जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाई जा रही है। एसपी श्री कुर्रे के पहल पर जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में जगह-जगह सूचना के बार्ड लगाए गए हैं, ताकि लोग उनपर अमल कर सकें।

### 100 सड़क सुरक्षा मितान हुए तैनात

कोरिया एसपी ने जिले में 100 सड़क सुरक्षा मितानों की तैनाती कर एक मजबूत जनजागरूकता ढांचा तैयार किया है। ये मितान स्थानीय स्तर पर अभियान के मुख्य चेहरे हैं, जो न केवल नियमों की जानकारी देते हैं, बल्कि व्यवहार में बदलाव लाने के लिए प्रेरित भी करते हैं। ग्रामीणों और छात्रों ने भी इन मितानों के प्रयासों की सराहना करते हुए सहयोग का संकल्प लिया।

### हर व्यक्ति सड़क सुरक्षा का दूत बने



कोरिया जिले में जागरूकता के माध्यम से दुर्घटनाओं की संख्या में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। यातायात सुरक्षा केवल कानून से नहीं, जनसहयोग और जागरूकता से ही संभव है। कोरिया पुलिस के अभियान का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति खुद सड़क सुरक्षा का दूत बने।

-रवि कुर्रे
एसपी कोरिया

**शादी-ब्याह वाले घरों में बिगड़ी व्यवस्था**

# तीसरे दिन भी जमकर बरसे बदरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया-एमसीबी जिले सहित आसपास के इलाकों में मंगलवार को गरज-चमक केसाथ झमाझम बारिश हुई।

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में तीसरे दिन भी मंगलवार दोपहर बाद अचानक मौसम ने रौद्र रूप धारण कर लिया। आसमान में चारों ओर घने बादलों ने डेरा डाल लिया और तेज हवाओं के साथ जबरदस्त बारिश शुरू हो गई। 4 बजे शहर में घनघोर अंधेरा जैसा दृश्य छा गया। इसके बाद बारिश से देखते ही देखते गलियों और सड़कों में पानी भरने लगा। वहीं खेतों में खड़ी सब्जी और दलहनी फसल को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों तक ऐसे ही मौसम के बने रहने की संभावना जताई है। वहीं दूसरी ओर वैवाहिक कार्यक्रमों पर संकट के बादल मंडरा गए हैं। जिन घरों में 1 से 3 मई के बीच शादी-ब्याह के कार्यक्रम तय हैं, वहां चिंता का माहौल है।


मौसम विभाग के अनुसार 1 और 2 मई को जिले के कुछ हिस्सों में फिर से गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है, इसके बाद 3 मई से मौसम के सामान्य होने की उम्मीद है। तापमान में भी हल्की गिरावट दर्ज की गई है।

### दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ बारिश



**सोनहत।** मुख्यालय सहित आसपास के विभिन्न ग्रामों में 29 अप्रैल को दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली। लगभग 3:30 बजे के बाद तेज हवा, तूफान और गरज-चमक के साथ हुई झमाझम बारिश ने पूरे क्षेत्र को ठंडक में डुबो दिया। हालांकि सुबह से दोपहर तक तेज धूप और उमस के कारण भीषण गर्मी का अहसास बना रहा, लेकिन दोपहर के बाद आसमान में अचानक काले बादल छा गए। देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई, जिससे जनजीवन कुछ देर के लिए अस्त-व्यस्त हो गया। घनघोर बादलों की गड़गड़ाहट और तेज बारिश ने गर्मी के दिनों में सावन जैसे मौसम का अहसास कराया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अप्रैल के अंतिम दिनों में ऐसा मौसम पहले कम ही देखने को मिला है। हर कोई इस मौसम परिवर्तन को लेकर चर्चा कर रहा है। लगातार हो रहे बदलाव और अप्रत्याशित बारिश से किसानों और विवाह आयोजकों में भी चिंता का माहौल है। विशेषज्ञों के अनुसार यह पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवातीय प्रभाव का परिणाम हो सकता है। आने वाले दिनों में मौसम फिर से करवट ले सकता है।

### चरचा कॉलरी में ओलावृष्टि



**चरचा कॉलरी।** कोयलांचल क्षेत्र के चरचा कॉलरी में मंगलवार को मौसम ने अचानक करवट ली। तेज बारिश और हल्की ओलावृष्टि जैसी स्थिति ने अप्रैल माह की चुभती गर्मी से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत दी। तापमान में गिरावट आने से क्षेत्र में ठंडक घुल गई और लोगों ने इस अप्रत्याशित बदलाव का स्वागत किया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अप्रैल में जहां तेज धूप और भीषण गर्मी से हालत बेहाल थे, वहीं मंगलवार को हुई बारिश और ओस जैसी गिरावट ने मौसम को सुहाना बना दिया। कुछ स्थानों पर बर्फ जैसी बूंदें गिरने की भी जानकारी मिली है, जिससे लोगों ने इसे हल्की ओलावृष्टि का नाम दिया। चरचा क्षेत्र के किसानों ने इस परिवर्तन को फसलों के लिए लाभदायक बताया है। उनका कहना है कि इससे खेतों में नमी बनी रहेगी, जिससे आगामी बोआई कार्यों में मदद मिलेगी। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अगर बारिश ज्यादा दिनों तक जारी रही, तो नुकसान की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।


सड़क में की गई कटिंग।

# शहर में बिना अनुमति हो रही सड़क कटिंग

■ राहगीर और वार्डवासी परेशान

**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र के कई वार्डों में इन दिनों बिना अनुमति के सड़क कटिंग का कार्य जारी है, इससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में बने सड़कों को जगह-जगह काट दिया गया है, जिससे न केवल राहगीरों की सुरक्षा खतरे में पड़ी है, बल्कि कई बच्चों और बुजुर्गों के चोटिल होने की घटनाएं भी सामने आई हैं।

धौराटिकुरा, शिवानी हॉस्पिटल के सामने वाली गली रोड सहित अन्य स्थानों पर नई सड़कों को भी बिना अनुमति काटा जा रहा है। लोगों का कहना है कि सड़कें बने कुछ ही समय हुआ है और ऐसे में बिना नगरपालिका की पूर्व अनुमति के इस तरह की कटिंग उचित नहीं है। गड्ढ़ों की वजह से दुपहिया वाहन चालकों को विशेष रूप से दिक्कत हो रही है। वहीं रात्रि समय में ये गड्ढ़े दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं। वार्डवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि इन गड्ढ़ों को जल्द से जल्द भरवाया जाए और भविष्य में कोई भी कार्य बिना विधिवत अनुमति और सुरक्षा इंतजामों के न किया जाए।

# वी क्लब की अध्यक्ष श्वेता को सर्वश्रेष्ठ प्रेसीडेंट का अवार्ड



**मनेन्द्रगढ़।** समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वी क्लब की अध्यक्ष श्रीमती श्वेता पोद्दार को 32 क्लबों में से सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में किए गए विविध और व्यापक जनसेवा कार्यों की मान्यता स्वरूप प्रदान किया गया। श्रीमती पोद्दार के नेतृत्व में वी क्लब ने जनकल्याण के अनेक कार्यों को अंजाम दिया। इनमें स्कूलों में आरओ प्यूरीफायर, पंखों की व्यवस्था, विद्यार्थियों को ठंडे पानी की बोतलें व मटके प्रदान करना, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, पांच निर्धन कन्याओं का विवाह संपन्न कराना, नशामुक्ति रैली का संचालन व हेलमेट वितरण के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता प्रमुख है। इसके अलावा भी श्रीमती पोद्दार ने अनगिनत सामाजिक सरोकार के ⏭ शेष पेज 3 पर

### विधायक ने यातायात प्रभारी के खिलाफ खोला मोर्चा

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री अनूपपुर विधायक विसाहूलाल सिंह के द्वारा 29 अप्रैल को प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अनूपपुर जिले के यातायात प्रभारी को अनूपपुर जिले से तत्काल बाहर स्थानांतरण किए जाने की मांग की है। अनूपपुर विधायक विसाहूलाल सिंह ने भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रविन्द्र राठौर के पत्र का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में बताया कि यातायात प्रभारी के द्वारा जिले के अंदर भारी वाहनों से रूपए लेकर नियम विरुद्ध उनका संचालन कराया जा रहा है, ड्रिंक एंड ड्राइव के नाम पर वाहन चालकों को जबरन परेशान कर अवैध वसूली की जा रही है और फर्जी मुकदमे कायम किए जा रहे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं तथा निर्दोष आम जनता को प्रताड़ति कर उनसे सड़क पर अवैध वसूली की जा रही है, इनकी कार्यशाली से जिले की जनता परेशान हैं।


शोक संदेश



स्व. श्रीमती पूर्णिमा चन्द्राकर

मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु आयोजित मृतक कर्मकाण्ड में आपकी सपरिवार उपस्थिति प्रार्थनीय है।

" माँ, आपकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी, और आपका प्यार हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा । "

कार्यक्रम

त्रिगात्र : दिनांक 23.04.2025, दिन बुधवार

दशगात्र : वैशाख सुदी 3, दिनांक : 30.04.2025, दिन बुधवार

शांति भोज - स्थान : 36 फोर्ट, बालोद रोड, कोलिहापुरी, दुर्ग समय : दोप. 12 बजे से

नोटः- दशगात्र पिण्ड - शिवनाथ नदी दुर्ग (महमरा घाट) में दोपहर 01:00 बजे तक सम्पन्न होगा।

शोकाकुल परिवार:
गुहा, गोविन्द, बल्ला, होरीलाल, नन्द, मनोज, सुरेन्द्र, पप्पू, गोप, रेवेन्द्र, गोलू, सोलू, शुभम, दोनर, सेमरा, छाती एवं समस्त लड़ेर चन्द्राकर परिवार।

विनीतः अशोक चन्द्राकर (पुत्र)
ललित चन्द्राकर (पुत्र)
(विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) छ.ग. राज्य ग्रामीण एवं अपिव क्षे.वि.प्रा. छ.ग. शासन)
जय, नमन, नयन चन्द्राकर (प्रपौत्र)

निवासः गजानंद मंदिर के पास, आमापारा, दुर्ग
7879563887, 9827482953, 7000147174, 9827489009, 8770529476, 9479203828

नोट - जिस किसी सज्जन को शोक पत्र ना मिला हो वह इसे ही शोक पत्र समझे


**स्वास्थ्य विभाग जुटा जांच में**

# पीलिया संक्रमणः खुटनपारा में शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

गर्मी के मौसम में बढ़ते संक्रमणों को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जिले में पीलिया (जॉन्डिस) के मामलों पर सख्ती से ध्यान देना शुरू कर दिया है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में पीलिया की रोकथाम और जागरूकता के लिए जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सर्वेक्षण और स्वास्थ्य शिविर चलाए जा रहे हैं।

नगर पालिका बैकुंठपुर के खुटनपारा वार्ड में इस अभियान के तहत एक विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में वार्ड पार्षद अनिल खटिक के सहयोग से पीलिया के बारे में जागरूकता बढ़ाई गई। शिविर में स्वास्थ्य अधिकारियों ने घर-घर जाकर सर्वे किया और पीलिया से संक्रमित व्यक्तियों की समय रहते पहचान कर इलाज शुरू करने के उपाय बताए। सीएमएचओ डॉ. प्रशांत सिंह ने पीलिया के लक्षणों और कारणों के बारे में बताया कि पीलिया तब होता है जब शरीर में बिलीरुबिन की मात्रा बढ़ जाती है, इसके प्रमुख लक्षणों में आंखों और त्वचा का पीला पड़ना, बुखार, पेट दर्द, भूख कम लगना और थकान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पीलिया लीवर की कार्यप्रणाली में गड़बड़ी के कारण होता है और इसे समय रहते उपचार से नियंत्रित किया जा सकता है।




### पीलिया से बचाव के दिए गए उपाय

**स्वास्थ्य अधिकारियों ने पीलिया** से बचाव के कुछ सरल उपाय बताए- प्रतिदिन कम से कम 8 गिलास पानी पीना, साफ-सुथरा भोजन और उबालकर पीने योग्य पानी का सेवन करना, हाई फाइबर और काबोर्हाइड्रेट युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करना, शराब का सेवन न करना और हेपेटाइटिस के टीके लगवाना, बोरिंग, नल, कुआं और आरओ के पानी को उबालकर पीना आदि। स्वास्थ्य विभाग ने जिलेवासियों से अपील की है कि पीलिया के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें, ताकि बीमारी को गंभीर होने से रोका जा सके।



# कोस्टाओ ओटीटी पर रिलीज के लिए तैयार

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने एक्टिंग की बदौलत लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। उनका नाम चुनिंदा कलाकारों की लिस्ट में शामिल हैं, जो किरदार की जरूर को बखूबी निभाना जानते हैं। फिल्मी दुनिया से जुड़े मुद्दों पर एक्टर खुलकर अपनी बात रखने के लिए भी जाने जाते हैं। बड़े पर्दे के साथ-साथ ओटीटी पर भी उनका काम तारीफ के काबिल है। इन दिनों नवाजुद्दीन अपनी अपकमिंग फिल्म कोस्टाओ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जो ओटीटी पर रिलीज होगी। इसके प्रमोशन में एक्टर बिजी चल रहे हैं। इस बीच उन्होंने बताया कि इस मूवी के किरदार की क्या बात उन्हें अच्छी लगती है।

लाइफ Style



# मौनी

## ट्रोलर्स ने कहा- सर्जरी की दुकान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मौनी रॉय अपनी आगामी फिल्म 'भूतनी' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस बीच वह एक इवेंट में पहुंचीं। अभिनेत्री का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें व्हाइट सैटिन की मिनी ड्रेस में नजर आईं। वीडियो के सामने आते ही अभिनेत्री एक बार फिर ट्रोलर्स के निशाने पर आ गईं।

यूजर्स ने उन्हें फिर से सर्जरी और बोटॉक्स कराने को लेकर ट्रोल किया। हालांकि, अभिनेत्री अपने एक हालिया बयान में कह चुकी हैं कि उन्हें इन सब चीजों से फर्क नहीं पड़ता। अभिनेत्री के नए लुक के वीडियो को देखकर ट्रोलर्स ने उन पर एक बार फिर निशाना साधा और सर्जरी कराने की बात कही। एक यूजर ने लिखा, 'सर्जरी की दुकान' एक अन्य ने लिखा, 'और थोड़े फिलर्स करवा लेती, तभी तो फ्लिक्स करने की जरूरत पड़ी है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, कूल बनने के चक्कर में बैड लुक आ गया सिर्फ बोटोक्स। अब इनका नाम बोटोक्स गर्ल है।' एक और ने लिखा, 'शरीर पर कुछ भी करते हैं।' हालांकि, मौनी रॉय के फैंस को उनका यह लुक काफी पसंद आया। उन्होंने कमेंट सेक्शन में उनकी तारीफ भी की। एक यूजर ने लिखा, 'बहुत सुंदर लग रही हैं।' एक अन्य ने लिखा, 'बेबी डॉल' एक और यूजर ने लिखा, 'बहुत सुंदर।' मीडिया से बातचीत के दौरान अभिनेत्री मौनी रॉय से जब उनकी ट्रोलिंग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'कुछ नहीं, देखती ही नहीं। सबको अपना काम करने दो। मैं ऐसी टिप्पणियों पर ध्यान नहीं देती। अगर आप दूसरों को ट्रोल करने के लिए पर्दे के पीछे छिपते हैं और अगर आपको इसमें खुशी मिलती है तो ऐसा ही हो।'

## हॉलीवुड मसाला



# भारत में रिलीज होगी मिशन इम्पॉसिबल

**लॉस एंजिलिस।** क्रिस्टोफर मैक्वेरी के निर्देशन में बनी 'मिशन इम्पॉसिबलः द फाइनल रेकनिंग का इंतजार दर्शक एक लंबे समय से कर रहे हैं। पांच महीने पहले जब पैरामाउंट पिक्चर ने टॉम क्रूज की 'मिशन इम्पॉसिबल-8' का फाइनल चैप्टर का टीजर रिलीज किया था, तभी से दर्शक इस फिल्म की थिएटर रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। टॉम क्रूज की फिल्मों को पसंद करने वालों की संख्या जितनी विदेशों में है, उतनी ही इंडिया में भी है। भारत में भी टॉम क्रूज की फिल्मों का बेसब्री से इंतजार होता है। अब मिशन इम्पॉसिबल के फाइनल चैप्टर से जुड़ी हम आपके लिए एक ऐसी खबर लाए हैं।




# स्टीवर्ट ने लेस्बियन गर्लफ्रेंड से की शादी

**लॉस एंजिलिस।** ट्वाइलाइट फिल्म से पॉपुलर होने क्रिस्टन स्टीवर्ट फिल्मी प्रोजेक्ट्स से ज्यादा लव लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। बीते कुछ सालों से वह डायलन मेयर को डेट कर रही थी। आखिरकार अब उन्होंने रिश्ते को शादी का नाम दे दिया है। एक्ट्रेस ने अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड से शादी रचाई है। इसकी जानकारी सामने आने के बाद उनके फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है। रिपोर्ट में जानकारी दी गई है कि अभिनेत्री ने रविवार को अपनी लंबे समय की गर्लफ्रेंड डायलन मेयर से शादी कर ली है। बता दें कि उन्होंने शादी स्टीवर्ट के लॉस एंजिल्स स्थित अपने घर में एक निजी समारोह के तहत की है। इस कपल ने चार साल पहले अपनी सगाई की घोषणा की थी और अब शादी की। रिपोर्ट में यह जानकारी भी दी गई है कि क्रिस्टन और उनकी गर्लफ्रेंड ने एक सप्ताह पहले ही शादी का लाइसेंस कोर्ट से ले लिया था।



# 'केजीएफ' फिल्म ने दी मुझे पहचान

**मुंबई।** 'केजीएफ' में अभिनेता यश के साथ नजर आईं अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'हिट 3' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस बीच अभिनेत्री ने अपनी पहली फिल्म 'केजीएफ' को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने उनको 'केजीएफ' में फ्लावरपॉट कहे जाने पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी और बताया कि उन्हें आलोचनाओं व ट्रोलिंग से फर्क पड़ता है या नहीं। 'हिट 3' की रिलीज का इंतजार कर रहीं अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी ने हालिया बातचीत में अपनी पहली फिल्म 'केजीएफ' में उन्हें फ्लावरपॉट कहकर ट्रोल किए जाने पर बात करते हुए कहा, "मुझे 'केजीएफ' में फ्लावरपॉट बनने में कोई आपत्ति नहीं थी, क्योंकि जब यह आई तो यह मेरे लिए एक ड्रीम प्रोजेक्ट की तरह था। न कि यह कैसे होगा, ये मेरे लिए मायने रखता था।



# बड़ा खुलासा, नानी बनेंगे महाभारत का हिस्सा

**मुंबई।** एसएस राजामौली की आखिरी फिल्म 'आरआरआर' ने इतिहास रचते हुए ऑस्कर जीतकर देश का मान बढ़ाया था। तब से ही फैंस उनकी अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिलहाल, राजामौली सुपरस्टार महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा के साथ अपने मोस्ट अवेटेड प्रोजेक्ट 'एसएसएमबी29' पर काम कर रहे हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। इसी बीच हैदराबाद में हुए एक खास इवेंट के दौरान राजामौली ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट 'महाभारत' को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। दरअसल, राजामौली हैदराबाद में आयोजित नानी की फिल्म 'हिट 3' के प्री-रिलीज इवेंट में शामिल हुए थे। इस दौरान होस्ट और एक्ट्रेस सुमा कनकला ने उनसे महाभारत में कास्टिंग को लेकर सवाल किया। उन्होंने पूछा कि क्या नानी भी इस ग्रैंड प्रोजेक्ट का हिस्सा होंगे?

## टीवी मसाला

# नायरा : आपका फिगर साउथ मूवीज वाला है, सुझाव से परेशान


**मुंबई।** मशहूर टीवी अभिनेत्री नायरा बनर्जी साउथ सिनेमा का भी बड़ा नाम हैं। रियलिटी शो बिग बॉस 18 में भी वे हिस्सा ले चुकी हैं। नायरा ने हाल ही में एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका कहना है कि जब वे फिल्मी दुनिया में



आईं तो कास्टिंग डायरेक्टर्स उन्हें साउथ फिल्मों में जाने का सुझाव देते। नायरा का कहना है कि शुरुआत में उन्होंने लॉ स्कूल में दाखिला लिया, क्योंकि परिवार में वकीलों की कमी थी। मगर, उन्हें डांस का भी शौक था। उन्होंने इंडस्ट्री की तरफ रुख किया। नायरा बनर्जी का कहना है कि कास्टिंग डायरेक्टर अक्सर उनसे कहते थे कि वे साउथ की फिल्मों के लिए एकदम सही हैं। उन्होंने कहा, 'ये लोग बोलते कि आपका चेहरा और फिगर साउथ की फिल्मों वाला है'। नायरा ने आगे बताया कि शुरुआत में कास्टिंग डायरेक्टर्स ने उनके चेहरे और शारीरिक बनावट के चलते उन्हें साउथ की फिल्मों के लिए परफेक्ट पाया। उन्होंने कहा, 'मैंने हमेशा कास्टिंग डायरेक्टर्स को कहते सुना है, 'तुम्हारा चेहरा और शरीर साउथ इंडियन फिल्मों के लिए परफेक्ट है'। नायरा ने आगे कहा, 'उन दिनों में इतनी पतली नहीं थी। ये लोग बोलते कि आपके फिगर के हिसाब से साउथ की फिल्में हैं। मैंने कहा कि मैं यह नहीं करना चाहती। मैंने कभी साउथ की कोई फिल्म नहीं देखी। एक कास्टिंग डायरेक्टर ने श्रीदेवी और दूसरी दिग्गज अभिनेत्रियों के नाम लिए और बताया कि साउथ इंडियन फिल्में भी अच्छी होती हैं'। नायरा ने आगे कहा कि वे जब घर गईं और अपने माता-पिता के सामने यह बात रखी तो उनके पिता ने साफ मना कर दिया। वहीं, मां ने भी सलाह दी कि वे इस बारे में भूल जाएं, क्योंकि वे ऐसे किसी इंसान को नहीं जानते थे जो गाइड करे। साउथ फिल्मों को लेकर नायरा ने कहा कि साउथ सिनेमा में प्रतिस्पर्धा है और जब उन्हें बड़ी फिल्मों और लीड रोल के ऑफर मिलने लगे, तो उन्होंने अपनी पढ़ाई पर फोकस करने के लिए उन्हें रिजेक्ट कर दिया।

## अनुपमा की बहू किंजल पर पैसा चुराने का आरोप

**मुंबई।** वसुंधरा कोठारी समझ चुकी है कि अनुपमा के खिलाफ लड़ाई में अनिल उसका साथ नहीं देगा। पहले ही कमजोर पड़ चुके अनिल की जगह वसुंधरा कोठारी अपने दामाद को खड़ा करेगी। रुपाली गांगुली और अद्रिजा रॉय स्टारर टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है जिसमें दिखाया गया है कि मोटी बा अकेले में अपने दामाद गौतम को बुलाएगी और उससे कहेगी कि अनिल



पर हमें भरोसा नहीं रहा ऐसे में यह जिम्मेदारी हम तुम्हें सौंपते हैं। वसुंधरा कोठारी कहेगी कि कुछ भी करके राघव वाला केस तुम्हें बंद करवाना होगा। गौतम को यह कोठारी परिवार की नजरों में इज्जत कमाने का बड़ा मौका दिखेगा और वह फौरन शाह परिवार की दुखती रग तलाशना शुरू कर देगा। प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि एक रोज जब शाह परिवार में खुशियों भरा माहौल होगा तब गौतम वहां पुलिस लेकर पहुंच जाएगा और बताएगा कि किंजल ने दफ्तर से पैसे चुराए हैं।

# कंगना अनुराग बसु की सबसे चमत्कारिक खोज

**मुंबई।** बॉलीवुड डायरेक्टर-प्रोड्यूसर महेश भट्ट अपनी शानदार फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। अपनी फिल्म गैंगस्टरः ए लवस्टोरी के 19 साल पूरे होने पर कई यादें शेयर की। इस फिल्म में इमरान हाश्मी और शाइनी आहूजा ने अहम किरदार निभाया था। और कंगना रनौत ने डेब्यू किया था। फिल्म के प्रोड्यूसर महेश भट्ट थे। अब हाल में फिल्म के बारे में बात करते हुए डमहेश भट्ट ने कंगना रनौत की तारीफ करते हुए उन्हें डायरेक्टर अनुराग बसु की चमत्कारिक खोज बताया। महेश भट्ट ने याद करते हुए कहा कि कंगना रनौत उस समय एक अनछुई, जंगली ऊर्जा की तरह थीं, और



अनुराग बसु ने उनके टैलेंट को पहचाना। महेश भट्ट ने कहा- "उनकी (अनुराग बसु) सबसे बड़ी करामात थी कंगना रनौत को खोजना। एक जंगली, अनगढ़ प्राकृतिक शक्ति। अपने पहले ही रोल में वह फीनिक्स की तरह उभरीं और गैंगस्टर को उड़ने के लिए पंख दे दिए। और फिर था साउथ कोरिया। एक अनपेक्षित, खूबसूरत चुनाव। टूटे दिलों पर गिरती चेरी ब्लॉसम की नर्म बारिश; एक विदेशी धरती और प्रीतम का म्यूजिक।"



## बाबुलनाथ मंदिर पहुंची 'ज्वेल थीफ' अभिनेत्री

**मुंबई।** अभिनेत्री निकिता दत्ता को हाल ही में 'ज्वेल थीफ' में देखा गया। उन्होंने सैफ अली खान और जयदीप अहलावत के साथ प्रमुख भूमिका निभाई। सोमवार को अभिनेत्री मुंबई के बाबुलनाथ मंदिर पहुंची। फिल्म रिलीज होने के तीन दिन बाद सोमवार को अभिनेत्री को मंदिर में देखा गया। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अभिनेत्री ने शिव जी के मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। एक वीडियो में देखा जा सकता है कि निकिता मंदिर के अंदर पूजा-अर्चना कर रही हैं। वह शिव मंदिरों में मनाए जाने वाले पारंपरिक अनुष्ठान के बाद नंदी के कान में फुसफुसाती भी नजर आ रही हैं।

# 'रेड 2' पर चली सेंसर की कैंची

**मुंबई।** अजय देवगन की मच अवेटेड फिल्म 'रेड 2' रिलीज को तैयार है। 1 मई को रिलीज होने वाली इस फिल्म में अब सिर्फ दो दिनों का ही समय बाकी रह गया है। फिल्म की कास्ट इसके प्रमोशन में जुटी हुई है। इस बीच फिल्म पर सेंसर की कैंची चली है। जिसके बाद अब फिल्म सेंसर बोर्ड से भी पास हो गई है। जानकारी के मुताबिक, फिल्म में अधिक कट तो नहीं लगे हैं। हालांकि, फिल्म से अजय देवगन का एक डायलॉग जरूर हटाए जाने की जानकारी सामने आ रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अजय देवगन की 'रेड 2' में सीबीएफसी यानी सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने कोई विजुअल कट नहीं लगाया है। हालांकि, फिल्म से अभिनेता अजय देवगन का एक आठ सेकंड लंबा डायलॉग सीबीएफसी ने काट दिया है। फिल्म की शुरूआत में आने वाला अजय देवगन का 'पैसा, ताकत और हथियार' वाला डायलॉग सीबीएफसी ने फिल्म से हटाने को कहा है। इसके अलावा सेंसर बोर्ड ने फिल्म से 'रेलवे मंत्री' शब्द भी हटाने को कहा है। उसकी जगह 'बड़ा मंत्री' शब्द इस्तेमाल करने को बोला है।




## रितेश ने अपने निर्देशन की शुरूआत 2013 में आई इरफान की 'द लंचबॉक्स' से की थी

# अपनी पहली फिल्म से ही छा गए ये निर्देशक

*मुंबई। अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी 2' इन दिनों सिनेमाघरों में चल रही है। फिल्म को दर्शकों द्वारा काफी पसंद भी किया जा रहा है और फिल्म की ऐतिहासिक कहानी होने के नाते इसकी सराहना की जा रही है। फिल्म को करण सिंह त्यागी ने डायरेक्ट किया है और ये उनकी पहली फिल्म है। ऐसे में अपनी पहली ही फिल्म में जलियांवाला बाग जैसे मुद्दे को उठाने पर करण सिंह त्यागी की काफी तारीफ की जा रही है। अपनी पहली ही फिल्म से करण सिंह त्यागी सुर्खियों में आ गए हैं और काफी प्रशंसा बटोर रहे हैं। करण सिंह त्यागी से पहले भी कई ऐसे बॉलीवुड डायरेक्टर हुए हैं, जिनकी पहली फिल्म हिट हुई और वो अपनी पहली ही फिल्म से छा गए। जानते हैं इस लिस्ट में कौन-कौनसे निर्देशक हैं शामिल हैं।*



### करण जौहर : कुछ कुछ होता है

बॉलीवुड के मशहूर निर्माता-निर्देशक करण जौहर अपनी पहली निर्देशित फिल्म से ही इंडस्ट्री में छा गए थे। करण ने 1998 में आई फिल्म 'कुछ कुछ होता है' से निर्देशन की दुनिया में कदम रखा था। शाहरुख खान, काजोल और रानी मुखर्जी स्टारर यह फिल्म एक कॉलेज स्टूडेंट्स की लव लाइफ पर थी। जिसे उस वक्त युवाओं ने काफी पसंद किया था।

### आदित्य चोपड़ा : दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे



मौजूदा वक्त में यशराज फिल्म्स के कर्ता-धर्ता और दिग्गज निर्देशक यश चोपड़ा के बेटे आदित्य चोपड़ा ने अपने निर्देशन की शुरुआत 1995 में आई फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' से की थी। शाहरुख खान और काजोल स्टारर यह फिल्म बॉलीवुड की कल्ट फिल्मों में गिनी जाती है। इस फिल्म ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर कमाई के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। फिल्म के नाम कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड भी हैं। फिल्म को कई अवॉर्ड भी मिले हैं।

### अनुराग कश्यप : ब्लैक फ्राइडे



अपनी अलग तरह की फिल्मों के लिए मशहूर निर्देशक अनुराग कश्यप ने साल 2004 में आई फिल्म 'ब्लैक फ्राइडे' से निर्देशन की दुनिया में कदम रखा था। ये फिल्म 1993 के मुंबई ब्लास्ट पर आधारित है। इस फिल्म को बॉलीवुड की कल्ट फिल्मों में गिना जाता है। हालांकि, इस फिल्म से पहले अनुराग कश्यप ने 'पांच' का निर्देशन किया था। लेकिन ये फिल्म भारत में कभी रिलीज नहीं हुई। ब्लैक फ्राइडे के लिए अनुराग को काफी तरीफें भी मिली थीं।

### फरहान अख्तर : दिल चाहता है



एक्टर-सिंगर और दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर के बेटे फरहान अख्तर ने अपने करियर में कई सफल फिल्मों का निर्देशन किया है। फरहान ने बतौर निर्देशक अपने करियर की शुरूआत 2001 में आई 'दिल चाहता है' से की थी। अपनी पहली ही फिल्म से फरहान अख्तर इंडस्ट्री में छा गए।

### रितेश बत्रा : द लंचबॉक्स



रितेश बत्रा ने अपने निर्देशन की शुरूआत 2013 में आई इरफान खान की फिल्म 'द लंचबॉक्स' से की थी। अपनी पहली फिल्म में एक ऐसी कहानी दिखाकर रितेश ने इंडस्ट्री में अपनी एक अलग छाप बना ली। 'द लंचबॉक्स' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था।

### दिबाकर बनर्जी : खोसला का घोसला



आपको अनुपम खेर और बोमन ईरानी की फिल्म 'खोसला का घोसला' तो याद ही होगी। अपनी हल्की-फुल्की कहानी वाली इस फिल्म ने दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी थी। फिल्म को काफी पसंद किया गया था। इस फिल्म से दिबाकर रातों-रात इंडस्ट्री में छा गए थे।

29 APRIL- CORIYA -BHOOMI-PG-3_Layout 1 4/29/2025 9:51 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### महमाया ओपन कास्ट खदान बनेगा रोजगार का गढ़, मंत्री राजवाड़े

**अम्बिकापुर।** भटगांव क्षेत्र के एसईसीएल मुख्य महाप्रबंधक दिलीप कुमार बोबड़े के नेतृत्व में महामाया ओपन कास्ट कोयला खदान परियोजना को शुरू करने की तैयारियां जोरों पर हैं। इस ऐतिहासिक पहल के तहत 30 अप्रैल को नगर पंचायत जरही क्षेत्र के 86 पात्र लाभार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगी। एसईसीएल भटगांव द्वारा नगर पंचायत जरही क्षेत्र में 428 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया है। इस परियोजना के तहत कुल 214 स्थानीय लाभार्थियों को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रथम चरण में 86 लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे, शेष को बिलासपुर मुख्यालय से स्वीकृति मिलने के उपरांत अवसर प्रदान किए जाएंगे। महमाया ओपन कास्ट खदान से निकले कोयले का इस्तेमाल प्रस्तावित डामर फैक्ट्री में किया जाएगा, जिसे पुराने महामाया कोल माइंस क्षेत्र में स्थापित करने की योजना है। इस फैक्ट्री के प्रारंभ होने से लगभग 4 हजार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।



### आंधी तूफान से उड़े टीन और सीमेंट के शेड



**सूरजपुर।** रविवार की शाम अचानक आंधी-तूफान आने से भारी नुकसान हुआ है। तेज हवा से पुराने बस स्टैंड के कई दुकान का शेड क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं पान ठेला गुमटी आंधी तूफान से पलट गई। ऐसे में दुकान संचालक को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इधर मंडी रोड में तो एक घर और दुकान का टीन का शेड उड़ गए और घर क्षतिग्रस्त हो गए। मकान मालिक सुनिता गुप्ता ने बताया कि वह पुराने बस स्टैंड में ठेला लगाकर जीवन यापन करती है। अचानक आये इस आंधी तूफान से उनका पूरा घर उजड़ गया और सीमेंट का सेड टुट चुका है जिसका मरम्मत करवाने में वो सक्षम नहीं हैं।

### रुनियाडीह के मां भारती स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम किया गया घोषित

**रामनगर।** ग्राम रुनियाडीह स्थित मां भारती पब्लिक स्कूल के संचालक बोधन राम राजवाड़े द्वारा प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के बच्चों का सोमवार को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है, इसमें अलग अलग कक्षा में प्रथम आने वाले विद्यार्थी कुमारी सुमन सिंह सातवीं कक्षा 81 प्रतिशत, दिव्यांशी राजवाड़े छठवीं कक्षा 84.66 प्रतिशत, टीनू देवांगन चौथी कक्षा 84.5 प्रतिशत, कुमारी जया तीसरी कक्षा 91 प्रतिशत, कुमारी नैन्सी राजवाड़े दूसरी कक्षा 96.66 प्रतिशत एवं पहली क्लास में अंजना सिंह को 91.33 प्रतिशत प्राप्त हूआ है, इन सभी बच्चों को उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए मौजूद अतिथियों द्वारा बधाई दी गई, इस दौरान बालकिशून राजवाड़े, शिक्षक सरजू सिंह, प्रवीण प्रताप सिंह, विजेंद्र सिंह, मुनेश कुमार, रंगलाल केवट,दीपेश कुशवाहा सहित संस्थान के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### जायसवाल युवा मंच ने किया सच्ची जायसवाल का स्वागत

**अम्बिकापुर।** सच्ची जायसवाल के शहर आगमन पर जायसवाल युवा मंच द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सच्ची जायसवाल ने संघ लोक सेवा आयोग में 654 वीं रैंक प्राप्त कर अद्वितीय सफलता अर्जित की। मां महामाया की पावन नगरी में प्रथम आगमन के अवसर पर जायसवाल युवा मंच द्वारा जायसवाल होटल, गांधी चौक पर भव्य आतिशबाजी, फूल-मालाओं एवं आत्मीय अभिनंदन के साथ स्वागत किया गया। यह पल समाज के लिए अत्यंत गर्व और प्रेरणा का क्षण रहा। इस दौरान आयुष जायसवाल, राज कीर्ति जायसवाल, अनूप जायसवाल, रोहित जायसवाल, रवींद्र जायसवाल, हिमांशु जायसवाल, पार्षद शुभम जायसवाल, एनएसयूआई अध्यक्ष आशीष जायसवाल, अंकित जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष

### वी क्लब की अध्यक्ष ...

कार्यों को अपनी अध्यक्षता के दौरान सफलतापूर्वक पूर्ण किया। सम्मान ग्रहण करते समय उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार मेरे लिए नहीं, उन सभी सदस्यों और स्वयंसेवकों के लिए हैं, जिन्होंने मेरे साथ कदम से कदम मिलाकर समाज सेवा के इस सफर को सार्थक बनाया। वी क्लब का उद्देश्य सिर्फ सेवा नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। नए पीएसटी और अनीता दीदी को एरिया एडवाइजर-प्रीति को एरिया आफिसर एवं प्रतिभा को एरिया सचिव बनने की बधाई दी गई। क्लब को शानदार गतिविधियों के 45 से भी ज्यादा अवार्ड से नवाजा गया।

## वन विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों में दहशत

# सरहरी-करजंवार जंगल में 24 घंटे से धधक रही भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रतापपुर अंबिकापुर मार्ग किनारे सरहरी-करजंवार जंगल में रविवार रात 8 बजे से अचानक भीषण आग लग गई। प्रतापपुर वन विभाग से महज 3 किलोमीटर दूर लगी आग देखते ही देखते तेजी से पूरे जंगल में फैल गई। एक ओर आगजनी से न केवल पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि पास के करजंवार बस्ती के लोग भी भयभीत हो गए। वहीं दूसरी ओर वन विभाग की घोर लापरवाही सामने आई है। विभाग के कर्मचारी आग बुझाने की कोई कोशिश तक नहीं की और ने ही वन विभाग के रेंजर और वन रक्षक मौके पर मौजूद नहीं थे।

**खास बात**

- कई हेक्टेयर में फैली आग, आगजनी से बड़ी संख्या में छोटे-बड़े पेड़ जले

रविवार की रात प्रतापपुर-अंबिकापुर मुख्य मार्ग से लगे सरहरी-करंजवार जंगल में अचानक आग लग गई। आग की चपेट से कई हेक्टेयर भूमि में लगे पेड़ पौधे को जल गए। वन विभाग की लापरवाही के कारण प्रतापपुर वन कार्यालय से महज 3 किलोमीटर की मुख्य मार्ग पर आग की लपटे उठ रही थी जिससे अफरा-तफरी का माहौल हो गया। आग लगने से जंगल पूरा धू-धू कर कर जलने लगा और सड़क धुआं के कारण ढक गया। सबसे बड़ी बात यह है कि भीषण आग को देख लोग सिहर गए। मानो जंगल इस तरह से जल रहा है जिसे किसी ने पेट्रोल डालकर आग लगा दिया है। भीषण गर्मी में लगी यह आग किसने लगाई है इसका पता तो नहीं चल सका है। लेकिन आगजनी से वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी की निष्क्रियता सामने आई है जिसका खामियाजा पर्यावरण सहित वन्य जीवों को भुगतना पड़ रहा है।



जंगल में लगी भीषण आग।

### वन विभाग की उदासीनता

स्थानीय लोगों ने बताया कि आग लगने की सूचना देने के लिए वन विभाग के रेंजर को कई बार फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझा। इस लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश और निराशा व्याप्त है। जंगल में आग की भयावहता को देखते हुए करंजवार बस्ती के नागरिकों ने अपने स्तर पर ही आग बुझाने के प्रयास शुरू किए हैं, ताकि आग बस्ती तक न पहुंचे और बड़ा हादसा टल सके।

### आग से वन्यजीवों और पर्यावरण को भारी खतरा

जंगल में लगी इस भीषण आग से न केवल सैकड़ों पेड़-पौधे जलकर राख हो रहे हैं, बल्कि वहां के वन्य जीवों का जीवन भी संकट में पड़ गया है। जंगलों में आग लगने से स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को गहरा आघात लगता है, जिसका असर वर्षों तक महसूस किया जा सकता है।

### ग्रामीणों को किया गया सतर्क

समाजसेवियों और जागरूक नागरिकों ने करंजवार बस्ती के लोगों से पूरी सतर्कता बरतें और आग की लपटों के बढ़ने पर तुरंत सुरक्षित स्थानों की ओर चले जाने की सलाह दी है। साथ ही पानी और अन्य प्राथमिक साधनों से आग बुझाने का प्रयास करते रहें, जब तक कि प्रशासन सक्रिय होकर मदद नहीं पहुंचाता हैं।

### ग्रामीणों की राहत दल भेजने की मांग

सरहरी-करंजवार जंगल में लगी आग के भीषण हो जाने पर वन विभाग पर सवाल उठना शुरू हो गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल फायर ब्रिगेड और राहत दल भेजने की मांग की है जिससे आग पर काबू पाया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया गया तो जंगल की आग बस्ती तक पहुंच सकती है जिससे लोगों को भारी नुकसान हो सकता है।

### विशेष टीम लगी हुई है

सरहरी-करंजवार जंगल में लगी आग पर काबू पाने के लिए वन विभाग की विशेष टीम लगी हुई हुई है। वन विभाग के रेंजर सहित बीट गार्ड द्वारा लापरवाही बरती गई है तो जांच उपरांत उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**-पंकज कमल**, डीएफओ सूरजपुर



ज्ञापन सौंपते पार्षद।

## लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर पार्षदों ने नगर निगम आयुक्त और महापौर को ज्ञापन सौंपा है। सत्तापक्ष व विपक्ष से पार्षदों के साथ ही पूर्व पार्षदों ने सामान्य सभा के दौरान ज्ञापन सौंप लंबित 24 माह के वेतन का भुगतान कराने की मांग की जिसपर महापौर और आयुक्त ने शासन स्तर पर इस दिशा में पहल करने का आश्वासन दिया।

बता दें कि नगर निगम की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान 48 वार्ड के पार्षदों को दिसम्बर 2019 से फरवरी 2025 के मध्य लगभग 24 माह के वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है। लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर पूर्व की निगम सरकार की ओर से भी अपनी ओर से पहल कर सदन से प्रस्ताव पास पर राशि की स्वीकृति हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा था लेकिन शासन से स्वीकृति नहीं मिली। अब नगर निगम में सरकार बदलने के बाद एक बार फिर से नगर निगम के पूर्व और वर्तमान पार्षदों की ओर से लंबित वेतन भुगतान की मांग की जा रही है। लंबित भुगतान को लेकर हाल ही में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने भी डिप्टी सीएम और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात की थी लेकिन अब तक शासन से राशि स्वीकृत नहीं हुई है ऐसे में नगर निगम के पूर्व और वर्तमान पार्षदों ने सोमवार को नगर निगम की सामान्य सभा के दौरान पार्षदों के वेतन भुगतान की मांग को लेकर नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पार्षदों ने कहा कि कई पार्षदों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है ऐसे में उन्हें आर्थिक तंगी का सामना भी करना पड़ रहा है। उन्होंने पार्षदों के रोके गए वेतन का भुगतान कराने की मांग की। इस दौरान सतीश बारी, विकास वर्मा, रमेश जायसवाल, सुनैना सोनी, नुजहत फातिमा, श्रीमती पूर्णिमा सिंह, सुशांत घोष, मेराज रंगरेज, शमा परवीन, फौजिया नाज सहित अन्य मौजूद थे।

## कांग्रेस की 8 सदस्यीय कमेटी करेगी मेडिकल कॉलेज अस्पताल व सीएचसी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में मेडिकल कॉलेज अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा और शहर में स्थापित हमार क्लीनिक की सेवाओं में विगत डेढ़ वर्ष में आयी गिरावट के आंकलन के लिए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की की अध्यक्षता में एक 8 सदस्यों की जांच कमेटी का गठन कर उन्हें आगामी 5 दिनों में जांच रिपोर्ट देने को कहा है।

विभिन्न समाचार माध्यमों से यह बात लगातार सामने आ रही थी कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हमर लैब में जांच सुविधाएं समाप्तप्राय हैं। जिसकी वजह से मरीजों पर निजी पैथोलॉजी में जांच कराने से आर्थिक भार आ रहा है। इसी अस्पताल में ब्लड सेपरेटर मशीन की स्थापना के 1 वर्ष पूर्ण हो जाने के बावजूद महज लाइसेंस की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने से ये ऑपरेशनल नहीं है, जिसका खामियाजा मरीजों को उठाना पड़ रहा है। सीएचसी नवापारा में सेवाओं की गुणवत्ता में गिरावट की खबरें आ रही है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल और हमर क्लीनिक में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ ही सामान्य स्टॉफ की कमी हो गई है। लगातार आ रही खबरों से यह स्पष्ट हुआ है कि स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं में जो गुणात्मक सुधार किये थे उन्हें डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में धराशायी कर दिया गया है। इसमें स्वास्थ्य विभाग के स्थानीय प्रशासन की विफलता के साथ ही मौजूदा राजनीतिक उपेक्षा को जानने और उसे जनसामान्य के सामने लाने के उद्देश्य से कांग्रेस ने जांच कमेटी बनाने का निर्णय लिया है।

- जांच सुविधाओं में कमी और अन्य कमियों को लेकर करेगी जांच

## सड़क सुरक्षा एवं नशामुक्ति पर पीजी कॉलेज में हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा थीम पर जिला स्तरीय कार्यशाला एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ स्नेहलता श्रीवास्तव ने किया।

जिला संगठक प्रो.खेमकरण अहिरवार ने कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ.श्रीवास्तव ने सड़क सुरक्षा का महत्व बताया एवं युवाओं को नशामुक्ति का संकल्प लेने हेतु प्रेरित किया। तकनीकी सत्र में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लों ने सरगुजा में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े प्रस्तुत कर युवाओं को सतर्क रहने की सलाह दी। यातायात प्रभारी अश्वनी सिंह ने हेलमेट उपयोग एवं यातायात नियमों से अवगत कराया। उप निरीक्षक अभय तिवारी ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से अवगत कराया। उप निरीक्षक अभय तिवारी ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात के विविध पहलुओं की जानकारी दी। अनिल मिश्रा एवं मंगल पाण्डेय ने युवाओं को नशा से दूर रहने की सलाह दी। रासेयो समन्वयक डॉ.एसएन पाण्डेय ने युवाओं को नशा मुक्त जीवन जीने एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। तकनीकी सत्र में निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण, नारा लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। निबंध में रानी सोनी, अंकित तिवारी, मनीष कुमार जायसवाल, पोस्टर प्रतियोगिता में तुषार प्रधान, गौरव, ओमप्रकाश कुजूर आदि शामिल थे।

## इंटरनेट के युग में भी अंधेरे में जीवन गुजार रहे कापू टिकरापारा के 106 ग्रामीण



**अम्बिकापुर।** जिले के लखनपुर अंतर्गत ग्राम कापू टिकरापारा के ग्रामीणों ने गांव में विद्युतीकरण कराने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव शैलेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि लखनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत सकरिया के बेन्द्रोखोरा के टोला कापू टिकरापारा में 27 घर मौजूद है और इन घरों में 106 लोग निवास करते है। कापू टिकरापारा हाथी प्रभावित क्षेत्र है इसके साथ ही जंगली जानवरों का भय हर वक्त बना रहता है। रात होते ही गांव में अंधेरा पसर जाता है जिससे सांप बिच्छु का खतरा बना रहता है और अब तक सांप काटने से दो लोगों की मौत हो चुकी है जाकी 5 लोगों की उपचार के बाद जान बचाई गई। आधुनिक युग में आज भी इस गांव के लोग अंधेरे में अपना जीवन गुजार रहे है। गांव में विद्युत व्यवस्था नहीं होने से बच्चों का जीवन भी अन्धकार में है और उन्हें पढाई के लिए परेशानी होती है। विगत 70 वर्षों से गांव में रहने वाले ग्रामीण लागातार विद्युतीकरण की मांग कर रहे है और लगातार मांग को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से मासूम की गई जान

**अम्बिकापुर।** पड़ोसी के घर के सामने खेल रहे मासूम को ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक पीछे करने के दौरान टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की चपेट में आने से मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

**न्यायालय, तहसीलदार चिरमिरी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**
क्रमांक/297/वाचक/ 2025
चिरमिरी, दिनांक 23/04/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम दुबछोला पं.ह.न. 05 रा.नि.मं. व तहसील चिरमिरी के आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका जानकी बाई पति स्व. देवसिंह उम्र 54 वर्ष जाति गोंड निवासी ग्राम दुबछोला प.ह.नं 05 रानि.मं. व. तहसील चिरमिरी, जिला एम.सी.बी. छ.ग. के द्वारा अपने पुत्र संजू सिंह की मृत्यु ग्राम दुबछोला में दिनांक 29.12.2024 को हो गई थी, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र आदेश प्राप्त करने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदक/ आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर किसी भी व्यक्ति, संस्था समूह अथवा निकाय को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति दिनांक 07.05.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

23/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालीन पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
चिरमिरी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)






## खबर संक्षेप

### खेल शिक्षिका और सहायक क्लर्क को दी गई विदाई



**वेस्ट चिरमिरी।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरमिरी में एक गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें विद्यालय की खेल शिक्षिका (पीटीआई) श्रीमती पुष्पा साइमन और सहायक क्लर्क वासुदेव राम को उनके सेवानिवृत्त होने पर सम्मानित किया गया। यह समारोह एक सुखद और भावुक अवसर था, जहां इन दोनों के योगदान को सराहा गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमती पुष्पा साइमन और वासुदेव राम के परिवारजन रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी खड़गवां बलविंदर सिंह, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरमिरी के प्राचार्य वेद प्रकाश मिश्रा और शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरमिरी के प्रभारी प्राचार्य आर.नायक उपस्थित रहे।

### निदान सभागृह में कार्यक्रम का आयोजन

# मनेन्द्रगढ़ में शिल्पी कलाकारों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



निदान सभागार मनेन्द्रगढ़ में संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान मनेन्द्रगढ़ द्वारा पाषाण शिल्पी कलाकारों का सम्मान समारोह आयोजित आयोजित किया गया। इसमें राजनांदगांव से आए कलाकार धर्म सिंह नेताम, मनीषा नेताम एवं नोहर मेरावी का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए चर्चित साहित्यकार गौरव अग्रवाल ने सबसे पहले अतिथियों में मुख्य अतिथि डॉ. विनोद पांडेय, नोडल अधिकारी, जिला पर्यटन धरोहर (एमसीबी) सहित संस्था अध्यक्ष अनिल जैन, विशिष्ट अतिथि संजय सेंगर एवं उपाध्यक्ष हारून मेमन को मंचासीन होने का अपील किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायक नरोत्तम शर्मा ने किया। उन्होंने तारों पर सज के, देखो धरती चली मिलनेऱ जैसे गीत की प्रस्तुति दी। संस्थापक सदस्य बीरेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि संबोधन संस्थान हमेशा से साहित्य कला एवं सांस्कृतिक धरोहरों के विकास के चिंतन एवं इससे जुड़े कलमकारों और कलाकारों को प्रोत्साहित करने के प्रति सजग रही है। ग्रेनाइट चट्टानों के शुष्क पाषाण मैं डायनासोर जीवन की जीवंत तस्वीर ऊकेरने वाले शिल्पकारों का सम्मान करते हुए यह संस्था आज गौरव का अनुभव कर रही है। पाषाण शिल्पी कलाकारों को आमंत्रित करते हुए संचालक गौरव अग्रवाल ने सर्वप्रथम धर्म सिंह मरावी को सम्मान प्राप्ति के लिए आमंत्रित किया, जिन्हें दुशाला, अंग वस्त्र प्रदान कर डॉ. विनोद पांडे ने सम्मानित किया तथा संस्था अध्यक्ष अनिल जैन, विशिष्ट अतिथि संजय सेंगर एवं उपाध्यक्ष हारून मेमन ने संयुक्त रूप से उपस्थित जन समुदाय के समक्ष उन्हें सम्मान पत्र प्रदान किया। श्रीमती मनीषा नेताम को डॉ. वर्षा श्रीवास्तव ने शाल से सम्मानित किया। सम्मान पत्र का वाचन करते हुए गौरव अग्रवाल ने कहा कि आज संस्था द्वारा इन कलाकारों को संबोधन पाषाण शिल्प कला सम्मान 2025 से सम्मानित किया जा रहा है। बीरेन्द्र श्रीवास्तव ने कलाकारों की जानकारी देते हुए कहा कि 1991 में जन्मे धर्म सिंह नेताम खैरागढ़ विश्वविद्यालय से 2017 में मास्टर ऑफ फाइन आर्ट शिल्प कला की शिक्षा प्राप्त की है तथा दिल्ली विश्वविद्यालय से 2 वर्ष के लिए उन्हें स्कॉलरशिप प्राप्त हुई है। भगवान राम के छग में प्रथम आगमन की साक्षी सीतामढ़ी हरचौका के अंचल से जुड़े मनेन्द्रगढ़ जिला मुख्यालय का निवासी होने पर मुझे गर्व अनुभव हो रहा है। विशिष्ट अतिथि संजय सेंगर ने कहा कि मैं संबोधन संस्था के कार्यों का हमेशा प्रशंसक रहा हूं, चाहे वह संस्था से जुड़े बीरेन्द्र श्रीवास्तव की चर्चित पर्यटन रिपोर्टिंग हो या उनके कार्यक्रम आयोजन की परंपरा। संबोधन संस्थाएं अपने आयोजन के साथ विद्यालय एवं सामाजिक संस्थाओं के आयोजनों को मार्गदर्शन भी प्रदान करती है। उपाध्यक्ष हारून मेमन ने कहा कि विगत 30 वर्षों से इस संस्था से जुड़कर मैंने विद्वानों और कलाकारों के साथ बहुत कुछ सीखा है, आज संस्था द्वारा शिल्पकारों के इस सम्मान के अवसर पर मैं सभी कलाकारों को कला की नई ऊंचाइयां छूने के लिए लिए बधाई देता हूं। संस्था अध्यक्ष अनिल जैन ने कहा कि साहित्यकारों एवं कलाकारों को प्रोत्साहित करना एवं उनकी कला का सम्मान करना इस संस्था के अब तक के 48 वर्षों की परंपरा में शामिल है। आज शिल्पकारों का सम्मान करके संबोधन संस्थान गौरव का अनुभव कर रही है, हम कलाकारों को विश्वास दिलाते हैं कि मनेन्द्रगढ़ की धरती में 29 करोड़ वर्ष प्राचीन गोंडवाना फॉसिल पार्क के प्रांगण में आपकी हाथो उकेरी कलाकृतियां सैकड़ो वर्षों तक आपको मनेन्द्रगढ़ की धरती से आपकी यादों सहित जोड़े रखेगी।

## मृतक के परिजन को 25 हजार की सहायता

**बैकुण्ठपुर।** जिले के बैकुंठपुर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत श्रीमती शांति बाई के परिजन को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। मृतका के वारिस सुमेर सिंह एवं महेश सिंह को 25 हजार रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि मांग संख्या-02, लेखाशीर्ष 2235 सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण (800) अन्य व्यय, (1982) दुर्घटना में मृतकों के परिवार तथा घायलों को वित्तीय सहायता (आयोजनेत्तर) के अंतर्गत स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में ही व्यय किया जाएगा। यह सहायता शासन की उस योजना के अंतर्गत दी जाती है।







# 5 से लगेंगे क्लस्टर वार समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर




कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने मंगलवार को जिला कलेक्टरेट के सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आगामी 5 मई से शुरू हो रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित होने वाले समाधान शिविरों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने समाधान शिविर के पूर्व अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों के संबंध में विशेष निर्देश दिए हैं। क्लस्टर वार समाधान शिविर 5 से 31 मई तक चिन्हांकित ग्रामों, वार्डों में आयोजित किए जाएंगे, जहां आम नागरिकों की मौजूदगी में प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्रवाई की जानकारी दी जाएगी, इसके अलावा शिविर स्थल पर समस्याओं, शिकायतों, मांग से संबंधित आवेदनों पर त्वरित निर्णय भी लिया जाएगा। इन शिविरों का आयोजन गांव के आम, पीपल, बरगद या नीम पेड़ के नीचे चौपाल की तर्ज पर किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने, अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी देने और प्रचार सामग्री जैसे पंपलेट, हैंडबिल, पुस्तिकाएं वितरित करने के निर्देश दिए हैं। गर्मी को ध्यान में रखते हुए समाधान शिविर स्थल पर विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग, पीएचई और खाद्य विभाग को शिविर स्थल पर डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों की टीम, प्राथमिक दवाइयों की व्यवस्था व शीतल पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। गर्मी और लू को देखते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों से व्यक्तिगत स्तर पर भोजन, पानी और दवाई की व्यवस्था पहले से करने की अपील भी की गई। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि शिविर स्थल पर यदि मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक या वरिष्ठ अधिकारी निरीक्षण के लिए पहुंचते हैं, तो उनसे संबंधित सभी आवश्यक जानकारियां तत्काल उपलब्ध कराई जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र सहित हितग्राही मूलक योजनाओं के लाभ शिविर स्थल से ही वितरण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यदि किसी स्थल पर लोकार्पण या भूमिपूजन कार्यक्रम होना है, तो उसकी जानकारी तत्काल जिला कार्यालय को भेजने को कहा गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व सुशासन तिहार के जिला स्तरीय नोडल अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों का त्वरित समाधान कर लाभार्थियों को इसकी जानकारी दी जाए। बैठक में अपर कलेक्टर अरूण मरकाम, डीडी मंडावी, एसडीएम बैकुंठपुर श्रीमती दीपिका नेताम, एसडीएम सोनहत राकेश साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।







